प्रशासन/राजनीति

सार समाचार

सांसद रियो पार्टी से निलंबित

कोहिमा। नागा पीपुल्स फ्रंट(एनपीएफ) के अध्यक्ष सुरहोजेली लीजेत्सु ने राज्य के एकमात्र लोकसभा सांसद नेफ्यु रिया को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अगले आदेश तक के लिये निलंबित कर दिया है। एनपीएफ के सूत्रों के अनुसार लीजेत्सु ने कल श्री रियो का निलंबन आदेश जारी किया। श्री रियो का निलंबन आदेश लोकसभा अध्यक्ष को भेज दिया गया है। एनपीएफ के अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति ने रियो को गत चार और 13 अप्रैल को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

नगालैंड में आप की इकाई

कोहिमा। आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य और पूर्वोत्तर राज्यों के पर्यवेक्षक हाबुंग पायेंग की मौजूदगी में दिमापुर में आप की नगालैंड इकाई की स्थापना की गयी। आप की राज्य इकाई की कार्यसमिति में 13 पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया है जिनमें डॉ एस एमोस लोंगकुमेर को समन्वयक और रीखीतुओनुओ को सचिव बनाया गया है। गुरुवार को दिमापुर में मीडिया से बातचीत करते हुए हाबुंग पायेंग ने कहा कि नगा लोग क्षेत्रीय दल से आजिज आ गये हैं और बदलाव चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का भी अस्तित्व नहीं बचा है क्योंकि निजी हितों के चलते उसके जनप्रतिनिधि क्षेत्रीय दल की सरकार में शामिल हो चुके हैं। पायेंग ने कहा कि इसलिए आप उस जनता के लिए विकल्प बनकर उभरेगी जो बदलाव चाहते हैं।

सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

अदिलाबाद। तेलंगाना में अदिलाबाद जिले के दानादेपल्ली में एक ट्रैक्टर के पलट जाने से उसपर सवार कम से कम तीन मजदूरों की बुधवार को मौके पर ही मौत हो गयी और पांच घायल हो गये। पुलिस ने यहां बताया कि दुर्घटना उस वक्त हुई जब ट्रैक्टर मजदूरों को लेकर दानादेपल्ली मंडल से थल्लापेटा ले जा रही थी।

मोंसरेट को जमानत

नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी विधायक अतानासियो मोंसेरेट को जमानत।

पणजी ■ भाषा/डेस्क

गोवा में एक नाबालिग लड़की को कथित रूप से खरीदने और उसके साथ बलात्कार करने के आरोपी विधायक अटानेसियो मोंसरेट को बुधवार को स्थानीय अदालत ने जमानत दे दी। हालांकि आरोपी विधायक ने कहा कि वह 'सही समय ' पर उन्हें ' फंसाने वालों को बेनकाब'करेंगे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद कामत ने मोंसरेट और 50 लाख रूपये में अपनी बेटी (पीड़िता) को विधायक को बेचने के आरोप में गिरफ्तार लडकी की मां तथा एक अन्य महिला रोजी फैरोस को जमानत दे दी। जमानत मिलने के बाद मोंसरेट ने संवाददाताओं से कहा, मैं उन लोगों को बेनकाब करूंगा जो इसके पीछे हैं। अब मैं जमानत पर रिहा हूं। सबसे पहले मैं आरोपों से पाक साफ होना चाहता हूं। मैं सही समय पर उन्हें बेनकाब करूंगा। सेंट क्रूज से विधायक मोंसरेट ने कहा कि लोगों ने उन्हें

विधानसभा के लिए चुनकर उनमें अपना भरोसा जताया था और वे उनके भरोसे को कभी नहीं तोडेंगे। अपने निजी वाहन में सवार होने से पूर्व उन्होंने यहां अदालत के बाहर दावा किया, ' मुझे फंसाया गया है । जमानत अर्जी पर सुनवाई होने के दौरान आज उनके काफी समर्थक अदालत में मौजूद थे ।

बाद में मोंसरेट को शहर के महालक्ष्मी मंदिर में ले जाया गया जहां उन्होंने घर जाने से पूर्व पूजा की। जब वह पूजा करने मंदिर गए तो वहां भीड थी। उन्हें एक लाख रूपये की जमानत राशि और इतनी ही राशि का मुचलका जमा कराने को कहा गया है। इसके अलावा उन्हें अगले सात दिनों के लिए अपराध शाखा में उपस्थित होने को कहा गया है। दो अन्य आरोपी महिलाओं को भी 25-25 हजार रुपए की जमानत राशि और इतनी ही राशि का मुचलका जमा करने को कहा गया है, साथ ही दोनों को सात दिनों के लिए अपराध शाखा में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

पिछले साल कांग्रेस से निष्कासित विधायक को पांच मई को गिरफ्तार किया गया था। गोवा पुलिस मोंसरेट के खिलाफ मामले की जांच कर रही है। उन पर मार्च में 16 वर्षीय नाबालिग लडकी को खरीदने और उसके साथ बलात्कार करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। मोंसरेट के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं बलात्कार, जहरखुरानी, एवं यौन अपराधों से बाल सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पत्रकार हत्याकांड: लालू का भाजपा पर कटाक्ष

पटना ■ वार्ता/डेस्क

झारखंड के चतरा में टीवी पत्रकार अखिलेश प्रताप सिंह की हत्या के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक के एक नजदीकी के शामिल होने की खबर के बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा और कहा कि टेलीविजन पर खोखली दलीलें देने वाले इस मामले में चुप क्यों है।

यादव ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर पुलिस के खुलासे से संबंधित रिपोर्ट का हवाला देते हुए लिखा, चोर मचाए शोर, अब कहां गए भाजपाई, राष्ट्रपति शासन, जंगलराज और टीवी स्क्रीन पर गलाफाड़ खोखली दलीलें देने वाले। मालूम हो कि12 मई की रात ताजा टीवी के पत्रकार अखिलेश प्रताप सिंह उर्फ इंद्रदेव यादव की देवरिया पंचायत सचिवालय के पास गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। पत्रकार हत्याकांड में पुलिस ने सिमरिया के भाजपा विधायक गणेश गंझू के प्रतिनिधि सूरज साव को गिरफ्तार किया है। मीडिया को नसीहत देते हुए यादव ने एक अन्य ट्वीट में कहा, बिहार के खिलाफ नकारात्मक खबरें बेचना व्यापार बन गया है। जैसे अच्छी एवं नकली दवा होती हैं, वैसे अच्छा एवं गलत मीडिया भी होता है। राजद सुप्रीमों ने नेशनल क्राईम रिकार्ड ब्यूरो ने ताजा आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि पाखंडी भाजपा जब राज्य की गठबंधन सरकार में शामिल थी तो राज्य में हत्या का ग्राफ सर्वाधिक था।

चुनाव आयोग ने जांच के लिए पैनल बनाया

चेन्नई, वार्ता। चुनाव आयोग ने तमिलनाडु के अरवाकुरिची और तंजावुर विधानसभा क्षेत्र में भारी पैमाने पर मतदाताओं को रूपयों के वितरण के आरोपों की जांच को लेकर सात सदस्यीय पैनल का गठन किया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेश लाखोनी ने संवाददाताओं को बताया कि पैनल को कल चार बजे तक रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

यह पैनल दोनों विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेगी और 23 मई को होनेवाले चुनाव से पूर्व उठाये जानेवाले अतिरिक्त कदम के लिए सुझाव भी देगी। चुनाव आयोग ने यहां चुनाव रद्द कर दोबारा मतदान कराये जाने के निर्देश दिये थे। यहां अब 23 मई को चुनाव होंगे तथा 25 मई को मतों की गणना होगी।

चांडी का रिकार्ड

केरल के मुख्यमंत्री ओमन चांडी ने पांच साल पहले बुधवार के दिन ही राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्होंने बुधवार को इस पद पर अपने 1827 दिन पूरे किए जो राज्य में पांच साल के कार्यकाल का एक रिकार्ड है। इसके साथ ही उन्होंने आशा जाहिर की कि विधानसभा चुनाव में उनकी जीत होगी। मतगणना से एक दिन पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चांडी ने दोहराया कि एग्जिट पोल के अनुमान उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा रहे हैं, जो गलत साबित होंगे और वह पुनः सत्ता में लौटेंगे। एक कार्यकाल में इतने अधिक दिनों तक राज्य के इस उच्च पद पर रहने वाले चांडी केरल के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं।

चांडी के पूर्ववर्ती और मार्क्सवादी नेता वी.एस. अच्युतानंद पांच साल के कार्यकाल में 1882 दिनों तक राज्य के मुख्यंत्री रहे थे। चांडी ने आईएएनएस से कहा कि वह आश्वस्त हैं कि कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक गठबंधन को नया जनादेश मिलेगा। उन्होंने कहा, राज्य में पुरुष मतदाताओं से महिला मतदाताओं की संख्या 10 लाख अधिक है। यह हमारे लिए व्यापक रूप से सकारात्मक होने जा रहा है।

चांडी ने कहा, हम एक दर्जन सीटों पर कांटे की लड़ाई की उम्मीद कर रहे हैं, जहां जीत का अंतर एक हजार मतों से भी कम होगा और यहां डाक वोट निर्णायक होंगे। उन्होंने कहा, हम बिल्कुल आश्वस्त हैं कि हमारी सत्ता बरकरार रहेगी। केरल में एक कार्यकाल से अधिक समय तक कम से कम चार मुख्यमंत्री 1827 से अधिक दिनों तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं, जिनमें सी. अच्युता, के.करुणाकरण, एके एंटनी और ईके नयनार शामिल हैं।

हरीश रावत पर आरोप

उत्तराखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय भट्ट ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री हरीश रावत उनकी हत्या कराना चाहते हैं जबकि मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस आरोप का खंडन करते हुए कहा कि भाजपा नेता मुख्यमंत्री के खिलाफ सनसनीखेज आरोप लगाकर लोकतांत्रिक ढंग से चुनी सरकार को गिराने की अपनी नाकाम साजिश से जनता का ध्यान हटाना चाहते हैं। भट्ट ने आरोप लगाया कि सोमवार को उनके द्वारा ली जा रही एक समीक्षा बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हुड़दंग किया था। इसके विरोध में वह कल रानीखेत में उपजिलाधिकारी कार्यालय में धरने पर बैठे थे जहां रावत ने कथित गुंडे भेज दिये। भट्ट ने आरोप लगाया कि प्रदेश में राजनीतिक संकट के दौरान हरीश रावत की कथित करतूतों को उजागर करने के लिये वह भाजपा से बदला लेना चाहते हैं और इसलिये वह उनकी हत्या कराना चाहते हैं।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा इन बातों से डरने वाली नहीं है और मुख्यमंत्री और उनके साथियों को यह समझना चाहिये कि वह उनकी सरकार के कथित भ्रष्टाचार को बेनकाब करना जारी रखेगी।

उधर, इन आरोपों को खारिज करते हुए रावत के मीडिया सलाहकार सुरेंद्र कुमार ने कहा कि विधायकों को खरीदने के लिये करोडों रूपये खर्च करने के बाद भी राज्य सरकार को गिराने में विफल रहने की गहरी हताशा के चलते भाजपा नेता मुख्यमंत्री के खिलाफ एक बेबुनियाद और सनसनीखेज आरोप लगा रहे हैं। कुमार ने कहा, 'वे (भाजपा) गहरी हताशा में है। उन्होंने एक निर्वाचित सरकार को गिराने के लिये करोडा रूपये फूंक दिये लेकिन उनकी साजिश विफल हो गयी।

यह आरोप उनकी अपनी विफलता से जनता का ध्यान हटाने के लिये लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हम सहयोगात्मक संघीय ढांचे में विश्वास करते हैं। हम कड़वाहट और दुश्मनी में यकीन नहीं करते । हम मानते हैं कि उत्तराखंड के विकास के लिये केंद्र और राज्य सरकार को मिलकर काम करना होगा।

सपा की आलोचना

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद दद्दन मिश्र ने उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ समाजवादी पार्टी (सपा) की कड़ी आलोचना करते हुए उसकी तुलना आतंकवादी संगठनों से की है। मिश्रा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सपा कोई राजनीतिक दल नहीं है। जिस तरह कश्मीर में आतंकवादी और नेपाल में माओवादी हैं, ठीक उसी तरह उत्तर प्रदेश में समाजवादी हैं। समाजवाद का नारा लगाने वाले सपा नेताओं का समाजवाद से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि जब राज्यसभा या विधान परिषद में भेजने की बात आती है तो वे समाजवादियों के बजाय पूंजीपतियों को चुनते हैं।

मिश्र केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा का ना तो कोई सिद्धान्त है और ना ही कोई नीति।

यह मात्र एक परिवार का संगठन है, जो इसे अपनी मर्जी से चला रहा है। भाजपा सांसद ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार केन्द्र को बदनाम करने के लिये विकास कायरें में बाधा पैदा करने के साथ-साथ लापरवाही बरत रही है।

प्रादेशिक : समाचार

रंगासामी को द्रमुक गठबंधन से चुनौती

पुडुचेरी ■ भाषा/डेस्क

पुडुचेरी विधानसभा की 30 सीटों के लिए कल मतगणना होगी जहां तीन बार से मुख्यमंत्री पद का दायित्व संभाल रहे एन रंगासामी को द्रमुक-कांग्रेस गठबंधन से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदेश में मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और मतों की गिनती का कार्य गुरुवार सुबह आठ बजे आरंभ होगी और दोपहर तक पूरी तस्वीर स्पष्ट हो जाने की उम्मीद है। पुडुचेरी में इस बार भी जीत दर्ज करके मुख्यमंत्री एन रंगासामी एक बार फिर से इस केंद्र शासित प्रदेश की सत्ता संभालने और चौथी बार मुख्यमंत्री बनने की आस लगाए हुए हैं। हालांकि अन्नाद्रमुक के अलग चुनाव लड़ने और द्रमुक-कांग्रेस गठबंधन के चलते उनके लिए बड़ी चुनौती पैदा हो गयी है। यहां की कुल 30 सीटों के लिए बीते 16 मई को मतदान हुआ। इस केद्र शासित प्रदेश के 4.94 लाख महिलाओं समेत 9.41 लाख मतदाताओं ने 96 निर्दलीय उम्मीदवारों सहित 344 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद कर दिया।

इस चुनाव में मुख्यमंत्री एवं एआईएनआरसी संस्थापक एन रंगासामी, विपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री वी वैतिलिंगम (कांग्रेस), पीसीसी नेता ए नमाशिवायम और पुडुचेरी विधानसभा के अध्यक्ष वी सबापति समेत कई महत्वपूर्ण उम्मीदवार मैदान में है। रंगासामी की कैबिनेट में उनके चार सहयोगी पी आर शिवा, टी त्यागराजन, पी राजावेलु और एन जी पन्नीरसेल्वम एआईएनआरसी उम्मीदवार के तौर पर अपनी सीट बचाने के लिए लड़ रहे है। रंगासामी की कैबिनेट में उनके एक अन्य सहयोगी एम चंद्रकासु ने स्वास्थ्य संबंधी कारणों से चुनाव नहीं लडने का फैसला किया था। उनकी बेटी चंद्रप्रियंका एआईएनआरसी उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में है।

खास खबर : फोटो की जबानी

पटना में नवनियुक्त लोकायुक्त मिहिर कुमार झा व केसी साह के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

अरुणाचल में बाढ से कई इलाके प्रभावित

इटानगर, भाषा। पिछले कुछ दिनों में हुई बारिश के चलते नोआ-देहींग नदी में उफान आने से अरूणाचल प्रदेश के नामसई जिले में कई इलाकों में पानी भर गया है। एक आधिकारिक रिपोर्ट में बताया गया है कि बाढ के पानी से नामसई जिले के महादेवपुर 1, महादेवपुर 4 और काकोनी गांवों में पानी भर गया है। इसके अलावा जिले के धान के खेत भी जलमग्न हो गए हैं। न्यू सिलातू में बाढ के पानी से नवनिर्मित बांस की 14 पुलिया में से पांच बह गईं। जल संसाधन विकास अधिकारी हालात की लगातार निगरानी कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक बाढ के पानी से पियोंग क्षेत्र के नामपोंग में तटबंध बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।

एमसीजीएम में माफिया को करेंगे बेनकाब

मुम्बई ■ भाषा/डेस्क

भाजपा सांसद किरीट सोमैया ने कहा है कि वह बृहन्मुंबई महानगरपालिका (एमसीजीएम) में 'माफिया' को बेनकाब करेंगे और उनके 'गॉडफादर' से भी टक्कर लेंगे।

सोमैया ने कहा,'पहले, मैं माफिया को बेनकाब करूंगा एवं सफाया करूंगा और फिर मैं उनके गॉडफादर से टक्कर लूंगा।'इन नेता ने हाल ही में कहा था कि एमसीजीएम 'बांद्रा के एक साहब और उनके पीए'के नियंत्रण वाले 'शक्तिशाली माफिया के गिरफ्त में' है और उसमें बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार



है। जब उनसे पूछा गया कि वह इसका रहस्योद्घाटन क्यों नहीं करते कि 'बांद्रा के साहब और उनके पीए' कौन हैं, उन्होंने कहा, कृपया, सही वक्त का इंतजार कीजिए।' एमसीजीएम में 'भ्रष्टाचार' को लेकर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की विपक्षी कांग्रेस की मांग पर मुम्बई उत्तर पूर्व के सांसद ने कहा, जो भी यह मुद्दा उठा रहा है, वह माफिया राज और एमसीजीएम में भ्रष्टाचार के खिलाफ मेरी लड़ाई में मेरी मदद कर रहा है और मैं उन सभी का स्वागत करता हूं। सोमैया ने कहा कि भाजपा मुम्बई के इस नगर निकाय से 'माफिया राज' और 'भ्रष्टाचार' का सफाया करने के लिए शिवसेना समेत सभी दलों का सहयोग चाहती है।

पिछले हफ्ते मुम्बई कांग्रेस के प्रमुख संजय निरूपम ने कहा था कि सोमैया की टिप्पणी उनकी पार्टी के इस आरोप की पुष्टि करती है कि शिवेसना-भाजपा शासित एमसीजीएम विवादों के दलदल में है और यह प्राथमिकी दर्ज करने का बिल्कुल उपयुक्त मामला है।

इसी बीच सोमैया ने यह भी कहा कि शिवेसना के मुखपत्र 'सामना' में उन्हें बदनाम करने के लिए हाल ही में लिखा गया आलेख उल्टे महंगा पड़ेगा।

शिवसेना ने कथित झुग्गी पुनर्विकास प्राधिकरण (एसआरए) घोटाले के सिलसिले में सोमैया पर हाल ही में निशाना साधा था।

रास और विप चुनाव में चलेगी जोड़तोड़

लखनऊ ■ वार्ता/डेस्क

उत्तर प्रदेश से राज्यसभा की 11 और राज्य विधान परिषद की 13 सीटों पर होने वाले चुनाव में 'जोड़तोड़' के साथ ' धनबल' का धड़ल्ले से इस्तेमाल होने के आसार हैं। इस चुनाव में विधानसभा के सदस्य मतदाता होंगे। राज्यसभा के लिए 34 और विधान परिषद के लिए 29 वोट पाना अनिवार्य होगा। विधानसभा के कुल सदस्यों 404 में से 403 वोट दे सकेंगे। मनोनीत एक सदस्य को मतदान का अधिकार नहीं है। अभी तक केवल सत्तारुढ सपा ने ही उम्मीदवार घोषित किये हैं। उसने राज्यसभा के लिए छह और विधान परिषद के लिए आठ उम्मीदवारों की मंगलवार को घोषणा कर दी। इन दोनों सीटों को छोड विधानसभा में सपा के 227, बसपा के 80, भाजपा के 41, कांग्रेस के 29, रालोद के आठ, पीस पार्टी 04, कौमी एकता दल 02, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी 01, अपना दल 01।

मिड डे मील से 25 बच्चे बीमार

जम्मू। जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के घाटी में आज एक सरकारी स्कूल में मिड डे मील खाने के बाद कम से कम 25 बच्चे बीमार हो गये । पुलिस ने बताया कि कठुआ थानान्तर्गत घाटी स्थित गर्वमेंट मिडिल स्कूल के कम से कम 25 बच्चे मिड डे मील खाने के बाद बीमार हो गये । खाने के बाद बच्चों ने चक्कर आने और जी मितलाने की शिकायत की। बच्चों को कठुआ जिला अस्पताल भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बतायी गयी है।

इन खबरों पर क्या कहेंगे ?

पांच मिनट में टैक्स रिटर्न

आयकर रिटर्न भरना अब बहुत ही सरल हो गया है और इसके लिए अब आपको न तो आयकर विभाग के स्टॉल पर जाने की जरूरत है, न ही आयकर विभाग की वेबसाइट पर। बिना किसी विशेषज्ञ की सहायता के सिर्फ अपने स्मार्टफोन से ही आप पांच मिनट में आयकर रिटर्न भर सकते हैं। इसको संभव बनाया है स्टार्टअप कंपनी को वित्तीय मदद देने वाली एंगल पैसा ने। एंगल पैसा ने आयकर रिटर्न दाखिल करने को अति सरल बनाने के लिए 'हैलो टैक्स' ऐप विकसित किया है जिसे किसी भी एंड्रायड फोन पर डाउनलोड किया जा सकता है। जल्द ही यह सुविधा एपल के ऐप स्टोर पर उपलब्ध होगी। एंगल पैसा के मुताबिक हैलो टैक्स ऐप डाउनलोड करने का कोई शुल्क नहीं है और इसे डाउनलोड कर कोई भी आयकरदाता आसानी से अपना आयकर रिटर्न दाखिल कर सकता है। हैलो टैक्स की मदद से सिर्फ तीन स्टेप में आयकर रिटर्न दाखिल करने का काम खत्म हो जायेगा। ऐप की मदद से दाखिल होने वाले आयकर रिटर्न को आयकर विभाग की मान्यता मिली हुई है।

उम्मीदवार परेशान

विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना शुरू होने की घड़ी करीब आने के साथ ही सभी दलों के उम्मीदवारों के सामने अपने मतगणना एजेंटों के वास्ते खाने की व्यवस्था करने की विचित्र समस्या आ गयी है क्योंकि इन एजेंटों को मतगणना पूरी होने तक मतगणना केंद्रों से बाहर जाने नहीं दिया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मानस भूइंया ने कहा कि मतगणना एजेंट पहले मतगणना प्रक्रिया के दौरान खाना खाने या नाश्ता करने बाहर आ सकते थे, लेकिन इस बार चुनाव आयोग ने कहा कि तडके मतगणना हॉल के अंदर आ जाने के बाद मतगणना एजेंट पूरी मतगणना प्रक्रिया खत्म हो जाने तक बाहर नहीं जा सकते हैं। उन्होंने कहा, पहले, मैंने अपने मतगणना एजेंटों के लिए भोजन की व्यवस्था की थी लेकिन नये नियम के चलते मैंने उन्हें भरपूर नाश्ता ही उपलब्ध कराने का फैसला किया है। भूइंया पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पश्चिम मिदनापुर जिले की सबंग सीट से चुनाव लडे हैं।

'ओम' पर एतराज

योग दिवस 21 जून को आयोजित शिविरों में योग के दौरान 'ओम' का उच्चारण किये जाने की अनिवार्यता पर मुस्लिम धर्मगुरुओं ने एतराज जताया है। मुस्लिम धर्मगुरुओं का कहना है कि 'ओम' एक धर्म विशेष की ओर संकेत करता है। आमतौर पर उसी धर्म के लोग इसका प्रयोग करते हैं, इसलिए इसे सभी पर थोपा नहीं जाना चाहिए। लखनऊ के मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि योग से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। योग तो हर आम-ओ- खास को करना ही चाहिए। इससे सेहत ठीक रहती है, लेकिन इसका राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। मौलाना फरंगी महली ने कहा कि योग में 'ओम' को जबरन थोपना गलत है। 'ओम' के उच्चारण की अनुमति इस्लाम नहीं देता। उनका कहना था कि कोई भी चीज किसी पर थोपी नहीं जानी चाहिए। जिसकी इच्छा हो योग करे, जिसकी न हो न करे लेकिन योग में 'ओम' का तो कोई औचित्य ही नहीं है। सिर्फ राजनीतिक कारणों से योग में ओम बोलने के लिए दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है।

धार्मिक श्रद्धा

प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एपल के प्रमुख टिम कुक ने भारत की अपनी पहली यात्रा की शुरआत आज यहां स्थित विख्यात सिद्धि विनायक मंदिर से की। कुक पांच दिन की भारत यात्रा पर हैं। कुक प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी के साथ सिद्धिविनायक मंदिर में नजर आए। मध्य मुंबई में यह भगवान गणेश का विख्यात मंदिर है। सूत्रों का कहना है कि कुक के मंदिर जाने का कार्यक्रम योजनाबद्ध नहीं था और न ही अनंत अंबानी से मिलना भी तय नहीं था।

CAMAC COMMERCIAL COMPANY LIMITED
(CIN: L70109DL1980PLC169318)
Regd Office: 1st Floor, Express Building, 9-10, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi - 110 002
Email: camaccommercial@gmail.com, Phone No.: 011-43570812,
Website: www.camaccommercial.com

NOTICE

Pursuant to Regulation 29 read with Regulations 47 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulation, 2015, the notice is hereby given that a Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Thursday, the 26th day of May, 2016 at 4.00 p.m. at its Registered office to consider and approve, *inter-alia*, the Audited Financial Results of the Company for the quarter and year ended March 31, 2016.

The above information is also available on the website of the Company **www.camaccommercial.com** and on the website of the stock exchange (CSE) **www.cse-india.com.**

By **Order of the Board**
For **Camac Commercial Company Limited**
Sd/-
Abhishek kakkar
Company Secretary
M.No. 18211

Place: New Delhi
Date: 18/05/2016

ELDECO

ELDECO HOUSING AND INDUSTRIES LIMITED
Regd. Office: Shop No 16, Second Floor, Eldeco Station 1, Site No 1, Sector 12, Faridabad, Haryana – 121 007, E-mail id: Eldeco@eldecohousing.co.in
Website: www.eldecogroup.com, Ph. No.: 0522-4039999
CIN: L45202HR1985PLC044265

NOTICE

NOTICE is hereby given, pursuant to Regulation 29 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that the meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Friday, the 27th day of May, 2016, at the Corporate office of the Company at IInd Floor, Eldeco Corporate Chamber-1, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010, inter alia, to consider and approve standalone and consolidated audited financial results of the Company for the Quarter/Year ended on 31st March, 2016.

By Order of the Board of Directors
Sd/-
(Naina Tandon)
Company Secretary

Place: Lucknow
Dated: 18.05.2016